राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांकः–प.1(ग)( )का/एस.एम.ई–3/डी.एल.बी./स.स.भर्ती/26/02 दिनांकः–यथा ईहस्ताक्षर

संविदा सफाई कर्मचारी पद हेतु सीधी भर्ती विज्ञापन संख्या 01/2026

स्वच्छ भारत मिशन एवं सफाई व्यवस्था को नगरीय निकायों में और अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य की 183 नगरीय निकायों में Rajasthan contractual hiring to civil posts Rules, 2022 एवं यथा संशोधित नियमों के अन्तर्गत निकायवार विज्ञापित संविदा सफाई कर्मचारी के कुल 24752 रिक्त पदों पर संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती हेतु इच्छुक, विज्ञप्ति में वर्णित शर्तों एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन अभ्यर्थियों से ऑन लाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते है। संविदा सफाई कर्मचारी पद हेतु योग्यता, रिक्त पदों की संख्या, आवेदन प्रक्रिया, आवेदन शुल्क एवं निकायवार पदों का विवरण तथा अन्य विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **https://lsg.urban.rajasthan.gov.in/** पर उपलब्ध है। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि, अर्हता एवं अनुभव व अन्य विवरण निम्नानुसार है :–

आयु सीमा	दिनांक 01.01.2027 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष।
आवेदन अवधि	दिनांक 15.08.2026 से दिनांक 28.09.2026 रात्रि 23:59 बजे तक। **आवेदन हेतु अभ्यर्थी अपना जनाधार कार्ड अपडेट रखें।**
अर्हता एवं अनुभव	(a)आवेदनकर्ता राजस्थान का मूल निवासी हो। (b)संविदा सफाई कर्मचारी पद हेतु कोई शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। (c)संविदा सफाई कर्मचारी सीधी भर्ती पद हेतु अनुभवः– • 01 वर्ष का राज्य के किसी भी नगरीय निकाय का सफाई कार्य का अनुभव वाले अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र होगें। • संविदा सफाई कर्मचारी भर्ती हेतु 01 वर्ष का सफाई कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को सम्मलित किया जावेगा। यह अनुभव लगातार 01 वर्ष या पृथक–पृथक समय को शामिल करते हुए 01 वर्ष का हो सकेगा। • राज्य की नगरीय निकायों द्वारा जारी किया जाने वाला एक वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रपत्र में जो कि निम्न द्वारा जारी किया गया होः– I. राज्य की नगरीय निकाय से सीधे ही नियोजित होने की स्थिति में मुख्य नगरपालिक अधिकारी या उनके द्वारा अन्य प्राधिकृत अधिकारी, अथवा II. संवेदक/प्राधिकृत संस्था के माध्यम से नियोजित होने की स्थिति में संवेदक/प्राधिकृत संस्था द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र जो संबधित नगरीय निकाय के वरिष्ठ प्रबन्धक, ठोस कचरा या मुख्य प्रबन्धक, ठोस कचरा द्वारा संबधित दस्तावेजों के सत्यापन उपरान्त नगर पालिका एवं नगर परिषद के स्तर पर मुख्य नगरपालिक अधिकारी एवं नगर निगम के स्तर पर उपायुक्त (कार्मिक) या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत ऐसा अधिकारी जो उपायुक्त के पद से निम्नतर नहीं हो से प्रतिहस्ताक्षरित हो। • अभ्यर्थी 183 नगरीय निकायों में विज्ञापित पदों में से अपनी इच्छानुसार केवल एक ही नगरीय निकाय में आवेदन कर सकेगा, एक से अधिक निकायों में आवेदन करने पर अभ्यर्थी के समस्त आवेदन निरस्त कर दिये जाएंगे। **नोटः–** सफाई कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र नगरीय निकाय द्वारा दिनांक 01.08.2026 के पश्चात् का एवं आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व का जारी होने पर ही मान्य होगा। उक्त दिनांक से पूर्व का जारी अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। अतः सभी अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें की उनका अनुभव प्रमाण पत्र दिनांक 01.08.2026 के पश्चात् ही जारी किया गया हो।
चयन प्रक्रिया	**संविदा सफाई कर्मचारी पद पर चयन नगरीय निकायवार विज्ञापित पदों हेतु प्राप्त आवेदनों में से पात्र अभ्यर्थियों का निम्नलिखित शर्तानुसार लॉटरी प्रक्रिया (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा विकसित ऑनलाईन सॉफ्टवेयर द्वारा) अपनाकर वर्गवार विज्ञापित पदों की संख्या के अनुरूप चयन किया जावेगा।** **लॉटरी प्रक्रिया हेतु शर्तः–** (अ) प्रथमतः उसी नगरीय निकाय के 01 वर्ष अनुभव धारित अभ्यर्थी को लॉटरी प्रक्रिया में सम्मलित किया जाएगा।

Signature valid
Digitally signed by Pratik Chandrashekhar Jui[illegible]
Designation : Director
Date: 2026.07.27 15:54:13 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23633005
M e-Sign

	(ब) यदि शर्त संख्या 'अ' की प्रक्रिया अपनाये जाने के उपरान्त विज्ञापित पद रिक्त रहते है, तो शेष रहे पदों हेतु आवेदित जिले की अन्य नगरीय निकाय का 01 वर्ष का सफाई कार्य अनुभव रखने वाले आवेदक को लॉटरी प्रक्रिया में सम्मलित किया जाएगा। (स) यदि शर्त संख्या 'अ' एवं 'ब' की प्रक्रिया अपनाये जाने के उपरान्त भी विज्ञापित पद रिक्त रहते है, तो शेष रहे पदों हेतु राज्य की किसी भी नगरीय निकाय का 01 वर्ष का सफाई कार्य अनुभव रखने वाले आवेदक को लॉटरी प्रक्रिया में सम्मलित किया जाएगा। **नोटः–** माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर/जयपुर द्वारा पूर्व की सफाई कर्मचारी भर्तीयों में ऐसा निर्णय पारित किया गया हा` जिसमें याची को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता/नियमितिकरण करने के निर्देश दिए हो तो इच्छुक/सहमत आवेदक को उस नगरीय निकाय में आवेदन करने पर भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी।

(जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

RajKaj Ref No.:
23633005
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Pratik Chandrashekhar Juikar
Designation : Director
Date: 2026.07.27 15:54:13 IST
Reason: Approved